>

Title: Need to lay sewer line in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र गोरखपुर उत्तर प्रदेश राज्य के पूर्वांचल का सबसे प्रमुख शहर है। यह पड़ोसी राज्यों बिहार और उत्तराखंड का प्रमुख शहर है। यह पड़ोसी राज्यों बिहार और उत्तराखंड का सीमावर्ती क्षेत्र भी है। पूर्वांचल के बीस जिलों और सीमावर्ती राज्यों के आस पास के जिलों के लोग बड़ी संख्या में अपनी विभिन्न जरूरतों के लिए गोरखपुर आते रहते हैं। गोरखपुर के आस पास के जिलों के अलावा पड़ोसी राज्यों बिहार और उत्तराखण्ड से भी बड़ी संख्या में छात्र यहाँ शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। गोरखपुर में रेलवे की एक विशाल व्यवस्था जहाँ बहुत बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी रहते हैं और लाखों की संख्या में लोग आवागमन के लिए यहाँ से रेल यात्रा करते हैं। गोरखपुर में एक बड़ी सैनिक छावनी है जहां बड़ी संख्या में सैनिक रहते हैं। इस प्रकार इन कारणों से गोरखपुर पर जनसंख्या का भारी दबाव है। लेकिन यहाँ आज तक सीवेज लाइन नहीं बिछायी गई है जिससे यहाँ थोड़ी बारिश में ही जल जमाव का संकट उत्पन्न हो जाता है। गोरखपुर शहर में मच्छरों का प्रकोप बना रहता है। जापानी इंसेफेलाईटीस से यहाँ बड़ी संख्या में बच्चे बीमार पड़ते हैं। मैं आभारी हूँ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी का जिनके भागीरथ प्रयास से उपरोक्त बीमारी से होने वाली मृत्यु दर में काफी कमी आई है। हमारा मानना है कि बहुत हद तक इसके मूल में भी सीवरेज लाइन के अभाव में जल जमाव से उत्पन्न मच्छर ही हैं।

अतः मैं केन्द्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से अनुरोध करता हूँ कि केन्द्रीय सहायता से गोरखपुर में सीवरेज लाइन बिछायी जाए ताकि गोरखपुर में रहने वाले लोगों को अनेक बीमारियों से मुक्ति मिले ।